Test Booklet No.
परीक्षण पुस्तिका सं.

**Subject : HISTORY**
**Code : 314 EH**
**Medium : English and Hindi**

**(Do not open this Test Booklet until you are asked to do so)**
**(इस परीक्षण पुस्तिका को तब तक न खोलें जब तक आपसे ऐसा करने के लिए न कहा जाए)**

Test Booklet Code
परीक्षण पुस्तिका कोड

**D**

| Time Allowed : **45** minutes<br>निर्धारित समय : **45** मिनट | Maximum Marks : **200**<br>अधिकतम अंक : **200** | Total Questions : **50**<br>कुल प्रश्न : **50** | Number of questions to be answered : **40**<br>उत्तर दिए जाने वाले प्रश्नों की संख्या : **40** |
|---|---|---|---|

**Kindly read the Instructions given on this Page and Back Page carefully before attempting this Question Paper.**
**कृपया इस प्रश्न-पत्र को हल करने से पहले इस पृष्ठ और अंतिम पृष्ठ पर दिए गए निर्देशों को ध्यान से पढ़े।**

***Important Instructions for the Candidates :***

1. This Test Booklet contains **50** questions printed in English and Hindi. Out of these, the candidate is required to answer any **40** questions. If a candidate answers more than 40 questions, the first 40 answered questions will be considered for evaluation.
2. When you are given the OMR Answer Sheet, fill in your particulars on it carefully with **blue/black** ball point pen only.
3. Use only Blue/Black Ball Point Pen for marking responses.
4. The CODE for this Test Booklet is **D**. Make sure that the CODE printed on the OMR Answer Sheet is the same as that on this Test Booklet. Also ensure that your Test Booklet No. and OMR Answer Sheet No. are exactly the same. In case of discrepancy, the candidate should immediately report the matter to the Invigilator for replacement of both the Test Booklet and the OMR Answer Sheet. No claim in this regard will be entertained after five minutes from the start of the examination.
5. Before attempting the question paper kindly check that this Test Booklet has total **28** pages and OMR Answer Sheet consists of one sheet. At the start of the examination within first five minutes, candidates are advised to ensure that all pages of Test Booklet and OMR Answer Sheet are properly printed and they are not damaged in any manner.
6. Each question has four answer options. Out of these four options choose the **MOST APPROPRIATE OPTION** and darken/blacken the corresponding circle on the OMR Answer Sheet with a Blue/Black Ball Point Pen.
7. Five (5) marks will be given for each correct answer. One (1) mark will be deducted for each incorrect answer. If more than one circle is found darkened/blackened for a question, then it will be considered as an incorrect answer. Unanswered questions will be given no mark.

P.T.O.

***परीक्षार्थियों के लिए महत्त्वपूर्ण निर्देश :***

1. इस परीक्षण पुस्तिका में **50** प्रश्न अंग्रेज़ी और हिन्दी में मुद्रित हैं। परीक्षार्थी को इनमें से किन्हीं **40** प्रश्नों के उत्तर देना आवश्यक है। यदि परीक्षार्थी 40 से अधिक प्रश्नों के उत्तर देता है, तो पहले 40 उत्तरित प्रश्न मूल्यांकन हेतु विचार किए जाएँगे।
2. जब आपको ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक दिया जाता है तो उस पर केवल **नीले/काले** बॉल पॉइंट पेन से अपने विवरण ध्यानपूर्वक भरें।
3. उत्तर अंकित करने के लिए केवल नीले/काले बॉल पॉइंट पेन का ही उपयोग करें।
4. इस परीक्षण पुस्तिका का **कोड D** है। यह सुनिश्चित कर लें कि ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक पर मुद्रित **कोड** बिलकुल वही है, जो इस परीक्षण पुस्तिका पर मुद्रित कोड है। यह भी सुनिश्चित कर लें कि आपकी परीक्षण पुस्तिका संख्या बिलकुल वही है, जो ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक संख्या है। यदि ये अलग-अलग हैं, तो परीक्षार्थी तुरंत इसकी जानकारी निरीक्षक को दे कर उनसे परीक्षण पुस्तिका और ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक दोनों बदल कर ले लें। परीक्षा शुरू हो कर पाँच मिनट बीत जाने के बाद इस संबंध में किसी भी दावे पर विचार नहीं किया जाएगा।
5. प्रश्न-पत्र को हल करना शुरू करने से पहले यह जाँच लें कि इस परीक्षण पुस्तिका में कुल **28** पृष्ठ हैं और ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक में एक ही पत्रक है। परीक्षार्थियों को सलाह दी जाती है, कि परीक्षा शुरू होने पर, पहले पाँच मिनटों के अन्दर, यह सुनिश्चित कर लें कि परीक्षण पुस्तिका के सभी पृष्ठ और ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक ठीक से मुद्रित हैं और वे किसी भी प्रकार से क्षतिग्रस्त नहीं हैं।
6. प्रत्येक प्रश्न में चार उत्तर विकल्प हैं। इन चारों विकल्पों में से **सबसे उपयुक्त विकल्प** को चुनें और ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक पर उससे संगत वृत्त को नीले/काले बॉल पॉइंट पेन से गहरा/काला करके भरें।
7. प्रत्येक सही उत्तर के लिए पाँच (5) अंक दिए जाएँगे। प्रत्येक ग़लत उत्तर के लिए एक (1) अंक काटा जाएगा। यदि एक प्रश्न के लिए एक से अधिक वृत्त गहरे/काले पाए जाते हैं, तो उसे ग़लत उत्तर माना जाएगा। अनुत्तरित प्रश्नों के लिए कोई अंक नहीं दिया जाएगा।

कृ.पृ.प.

Name of the Candidate (in Capital Letters) : ______________________________
परीक्षार्थी का नाम (बड़े अक्षरों में) :

Application Number (in figures) : ______________________________
आवेदन संख्या (अंकों में) :

Roll Number (in figures) : ______________________________
अनुक्रमांक (अंकों में) :

Centre of Examination (in Capital Letters) : ______________________________
परीक्षा केन्द्र (बड़े अक्षरों में) :

Candidate's Signature : ____________________ Invigilator's Signature : ____________________
परीक्षार्थी के हस्ताक्षर : निरीक्षक के हस्ताक्षर :

Facsimile signature stamp of Centre Superintendent : ______________________________
केन्द्र अधीक्षक की हस्ताक्षर मोहर :

**1.** Which of the following statements of Gandhiji made at the opening of Banaras Hindu University are true ?

(A) Gandhiji charged the Indian elite with a lack of concern for the labouring poor.

(B) Gandhiji was not worried about the contrast between the "richly bedecked noblemen" and millions of poor Indians.

(C) Gandhiji said, "Our salvation can only come through lawyers, doctors and rich landlords."

(D) Gandhiji emphasised that farmers are going to secure the salvation of India.

(E) Gandhiji told the privileged invitees, "Strip yourself of this jewellery and hold it in trust for your countrymen."

Choose the correct answer from the options given below :

(1) (A), (B) and (C) only
(2) (C), (D) and (E) only
(3) (B), (C), and (D) only
(4) (A), (D) and (E) only

**2.** Match **List-I** with **List-II** :

| **List-I** | **List-II** |
|---|---|
| (A) Khilafat Movement | (I) Mahatma Gandhi's biographer |
| (B) Jallianwala Bagh Massacre | (II) Turkish ruler |
| (C) Kemal Ataturk | (III) 1919 |
| (D) Louis Fisher | (IV) 1919-1920 |

Choose the correct answer from the options given below :

(1) (A) - (I), (B) - (II), (C) - (III), (D) - (IV)
(2) (A) - (I), (B) - (IV), (C) - (II), (D) - (III)
(3) (A) - (III), (B) - (I), (C) - (IV), (D) - (II)
(4) (A) - (IV), (B) - (III), (C) - (II), (D) - (I)

**3.** Mahatma Gandhi's Salt March was notable as the first nationlist activity focused on __________.

(1) Women
(2) Lord Irwin
(3) Subhas Chandra Bose
(4) 15 March, 1930

**4.** "Purna Swaraj" as the goal of nationalism in India was aimed to achieve __________ .

(1) Partial freedom
(2) Complete independence
(3) Indian identity
(4) Partition

**1.** बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के उद्घाटन के समय गाँधीजी से संबंधित निम्नलिखित कथनों में से कौन-से सही हैं ?

(A) गाँधीजी ने भारतीय अभिजात-वर्ग पर श्रमजीवी गरीबों की चिंता न करने का आरोप लगाया।

(B) गाँधीजी अमीर कुलीनों और लाखों गरीब भारतीयों के बीच के अंतर के बारे में चिंतित नहीं थे।

(C) गाँधीजी ने कहा था, "हमारी मुक्ति केवल वकीलों, डॉक्टरों और अमीर जमींदारों के माध्यम से ही हो सकती है।"

(D) गाँधीजी ने इस बात पर जोर दिया कि किसान भारत की मुक्ति सुनिश्चित करने जा रहे हैं।

(E) गाँधीजी ने विशेष रूप से आमंत्रित लोगों से कहा, "इन आभूषणों को उतार दें और अपने देशवासियों के लिए न्यास (ट्रस्ट) में इनको रखें।"

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें :

(1) केवल (A), (B) और (C)
(2) केवल (C), (D) और (E)
(3) केवल (B), (C) और (D)
(4) केवल (A), (D) और (E)

**2.** **सूची-I** को **सूची-II** के साथ सुमेलित करें :

| **सूची-I** | **सूची-II** |
|---|---|
| (A) खिलाफत आंदोलन | (I) महात्मा गाँधी के जीवनी लेखक |
| (B) जलियाँवाला बाग नरसंहार | (II) तुर्की शासक |
| (C) कमाल अतातुर्क | (III) 1919 |
| (D) लुई फिशर | (IV) 1919-1920 |

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें :

(1) (A) - (I), (B) - (II), (C) - (III), (D) - (IV)
(2) (A) - (I), (B) - (IV), (C) - (II), (D) - (III)
(3) (A) - (III), (B) - (I), (C) - (IV), (D) - (II)
(4) (A) - (IV), (B) - (III), (C) - (II), (D) - (I)

**3.** महात्मा गाँधी का नमक मार्च ______________ पर केन्द्रित प्रथम राष्ट्रवादी गतिविधि के रूप में उल्लेखनीय था।

(1) महिलाओं
(2) लॉर्ड इरविन
(3) सुभाष चंद्र बोस
(4) 15 मार्च, 1930

**4.** भारत में राष्ट्रवाद के लक्ष्य के रूप में "पूर्ण स्वराज" का उद्देश्य ______________ को प्राप्त करना था।

(1) आंशिक स्वतंत्रता
(2) पूर्ण स्वतंत्रता
(3) भारतीय पहचान
(4) विभाजन

---

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह**

**5.** Who was the Judge who presided over Gandhiji's trial after the withdrawal of the Non-Cooperation Movement ?

(1) Justice C.N. Broomfield (2) Justice William Hodges

(3) Justice Joseph Noel (4) Justice Thomas Barker

**6.** When were separate electorates first created by the British Colonial Government ?

(1) 1919 (2) 1923 (3) 1909 (4) 1907

**Read the passage and answer the five questions that follow.**

Mughal chronicles, especially the *Akbar Nama,* written by Abu'l Fazl, have bequeathed a vision of empire in which agency rests almost solely with the emperor, while the rest of the kingdom has been portrayed as following his orders. Yet if we look more closely at the rich information, these histories provide information about the apparatus of the Mughal State from which we may be able to understand the ways in which the imperial organization was dependent on several different institutions to be able to function effectively. One important pillar of the Mughal State was the nobility.

**7.** Mughal chronicles viewed the emperors as supreme sovereign because

(1) Nobility wanted him to be one.

(2) Vision of empire viewed the emperor as the sole ruler.

(3) Chronicles were a rich source of history.

(4) Imperial administration was weak.

**8.** Which section of the Mughal Court was viewed as very significant ?

(1) Imperial vision (2) The Empire

(3) Nobility (4) Mughal Chronicles

**9.** Which chronicle says that the entire kingdom has to follow the king's orders ?

(1) *Urdu Akhbar* (2) *Badshah Nama*

(3) *Akbar Nama* (4) *Kitabkhana*

**10.** The Mughal imperial administrative apparatus was effectively dependent on ___________ .

(1) Travellers (2) Nobles (3) Masses (4) Mir Bakshi

**11.** Who is the author of *Akbar Nama* ?

(1) Chandrabhan Barahman (2) Muhammad Kazim

(3) Lahori (4) Abu'l Fazl

---

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह

**5.** असहयोग आंदोलन के वापस लेने के बाद गाँधीजी के मुकदमे की जाँच की कार्रवाई की अध्यक्षता करने वाले न्यायाधीश कौन थे ?

(1) न्यायमूर्ति सी.एन. ब्रूमफील्ड
(2) न्यायमूर्ति विलियम हॉजेस
(3) न्यायमूर्ति जोसेफ नोएल
(4) न्यायमूर्ति थॉमस बार्कर

**6.** ब्रिटिश औपनिवेशिक सरकार द्वारा कब पहली बार पृथक् निर्वाचक मंडल बनाए गए ?

(1) 1919 में
(2) 1923 में
(3) 1909 में
(4) 1907 में

**गद्यांश को पढ़ें और उसके नीचे दिए गए पाँच प्रश्नों के उत्तर दें :**

मुग़ल ऐतिहासिक विवरणों (Chronicles), विशेष रूप से *'अकबर नामा'* जिसके लेखक अबुल फ़ज़ल हैं, ने साम्राज्य का ऐसा दृष्टिकोण दिया जिसमें शक्ति और सत्ता लगभग पूरी तरह से एकमात्र बादशाह में निहित होती है जबकि शेष राज्य को बादशाह के आदेशों का पालन करते हुए चित्रित किया गया है। किन्तु मुग़ल राज्य-तंत्र के बारे में इन ऐतिहासिक विवरणों से प्राप्त समृद्ध जानकारी को हम ध्यान से देखें तो हम उन तरीकों को समझ सकते हैं जिनसे प्रभावी ढंग से काम करने के लिए साम्राज्यीय संगठन भिन्न-भिन्न प्रकार की संस्थाओं पर निर्भर था। मुग़ल राज्य का एक महत्त्वपूर्ण स्तंभ अभिजात-वर्ग था।

**7.** मुग़ल ऐतिहासिक विवरणों में बादशाहों को सर्वोच्च संप्रभु के रूप में देखा गया क्योंकि

(1) अभिजात-वर्ग चाहता था कि वह सर्वोच्च संप्रभु हो।
(2) साम्राज्यिक दृष्टिकोण बादशाह को एकमात्र शासक के रूप में देखता था।
(3) ऐतिहासिक विवरण (Chronicles) इतिहास के समृद्ध स्रोत थे।
(4) साम्राज्यिक प्रशासन कमजोर था।

**8.** मुग़ल दरबार के किस हिस्से को बहुत महत्त्वपूर्ण माना जाता था ?

(1) साम्राज्यवादी दृष्टि
(2) साम्राज्य
(3) अभिजात-वर्ग
(4) मुग़ल ऐतिहासिक विवरण (Chronicles)

**9.** कौन-सा ऐतिहासिक विवरण (Chronicle) कहता है कि पूरे राज्य (kingdom) को बादशाह के आदेशों का पालन करना पड़ता है ?

(1) उर्दू *अखबार*
(2) *बादशाह नामा*
(3) *अकबर नामा*
(4) *किताबखाना*

**10.** मुग़ल साम्राज्यिक प्रशासनिक तंत्र प्रभावी रूप से ___________ निर्भर था।

(1) यात्रियों पर
(2) अभिजात-वर्ग पर
(3) आम जनता पर
(4) मीर बख़्शी पर

**11.** *'अकबर नामा'* के लेखक कौन हैं ?

(1) चंद्रभान बरहमन
(2) मुहम्मद काज़िम
(3) लाहौरी
(4) अबुल फ़ज़ल

---

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह**

**Read the passage and anwer the five questions that follow :**

The Constituent Assembly deliberated upon the Indian Constitution, which came into effect on 26 January, 1950. It has the dubious distinction of being the longest in the world. But its length and complexity are perhaps understandable when one considers the country's size and diversity. At Independence, India was not merely large and diverse, but also deeply divided. A Constitution designed to keep the country together, and to take it forward, had necessarily to be an elaborate, carefully-worked-out, and painstakingly drafted document. For one thing, it sought to heal wounds of the past and the present, to make Indians of different classes, castes and communities come together in a shared political experiment. For another, it sought to nurture democratic institutions.

**12.** When did the Constitution of India come into force ?

(1) $26^{th}$ January, 1950 (2) $15^{th}$ August, 1947

(3) $31^{st}$ January, 1929 (4) $6^{th}$ November, 1949

**13.** Why is the Constitution of India described as the longest document in the world ?

(1) It is a painstakingly drafted document.

(2) It is carefully worked out.

(3) It imbibes culture of hierarchy.

(4) The country size and diversity impacted the Constitution length.

**14.** How can we say that the Constitution of India seeks to unify India ?

(1) It deals with the country's problems.

(2) The area of the subcontinent was under its control.

(3) It was designed to keep the country’s divided classes, communities and castes together.

(4) It was to nurture democratic institutions.

**15.** In which body was the Constitution of India deliberated upon ?

(1) Parliament of India (2) Through Newspaper coverage

(3) Constituent Assembly (4) Princely States

**16.** The nature of the Constitution imbibed the right to ___________ .

(1) Cultural Rights (2) Educational Rights

(3) Equality (4) Religion

---

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह**

**गद्यांश को पढ़ें और उसके नीचे दिए गए पाँच प्रश्नों के उत्तर दें :**

संविधान सभा ने भारतीय संविधान पर विचार-विमर्श किया जो 26 जनवरी, 1950 को लागू हुआ । यह संभवत: दुनिया का सबसे लंबा संविधान है। लेकिन इसकी दीर्घता (length) और जटिलता शायद तब समझ में आती है जब देश के आकार और विविधता पर विचार किया जाता है। स्वतंत्रता के समय, भारत न केवल बड़ा और विविधतापूर्ण था, बल्कि गहरे तौर पर बिखरा हुआ (विभाजित) देश भी था। ऐसे में देश की एकजुटता और प्रगति के लिए एक विस्तृत, गहन विचार-विमर्श पर आधारित और सावधानीपूर्वक सूत्रबद्ध किया गया संविधान लाज़िमी था । एक ओर, हमारे संविधान ने अतीत और वर्तमान के घावों पर मरहम लगाने और विभिन्न वर्गों, जातियों और समुदायों में बँटे भारतीयों को एक साझा राजनीतिक प्रयोग में शामिल करने में मदद दी है। दूसरी ओर, इसने लोकतांत्रिक संस्थानों को विकसित करने का भी प्रयास किया है।

**12.** भारत का संविधान कब लागू हुआ ?

(1) 26 जनवरी, 1950
(2) 15 अगस्त, 1947
(3) 31 जनवरी, 1929
(4) 6 नवंबर, 1949

**13.** भारत के संविधान को दुनिया का सबसे लंबा दस्तावेज़ क्यों कहा जाता है ?

(1) यह बहुत मेहनत से तैयार किया गया दस्तावेज़ है।
(2) इसे सावधानीपूर्वक तैयार किया गया।
(3) यह पदानुक्रम की संस्कृति को आत्मसात करता है।
(4) देश के आकार और विविधता ने संविधान की दीर्घता को प्रभावित किया।

**14.** हम कैसे कह सकते हैं कि भारत का संविधान भारत को एकजुट करना चाहता है ?

(1) यह देश की समस्याओं से निपटता है।
(2) उपमहाद्वीप का क्षेत्र इसके नियंत्रण में था।
(3) इसे देश के विभिन्न वर्गों, जातियों और समुदायों में बटे भारतीयों को एकजुट रखने के लिए अभिकल्पित (डिज़ाइन) किया गया था।
(4) यह लोकतांत्रिक संस्थानों को विकसित करने के लिए था।

**15.** किस निकाय में भारत के संविधान पर विचार-विमर्श किया गया था ?

(1) भारत की संसद
(2) समाचार-पत्र कवरेज के माध्यम से
(3) संविधान सभा
(4) देशी रियासतें

**16.** संविधान की प्रकृति ने ____________ अधिकार को आत्मसात किया।

(1) सांस्कृतिक अधिकार
(2) शैक्षिक अधिकार
(3) समानता
(4) धर्म

---

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह**

**17.** Which of the following statements are correct ?

(A) Harappan seal was a most distinctive artifact of the Harappan Civilization.

(B) Harappan seal motifs conveyed a meaning to those unable to read it.

(C) Harappan seals had Sanskrit script on them.

(D) Harappan seals had Pali and Prakrit inscriptions on them.

(E) Some Harappan seals show wider spacing of script from right and cramping on the left.

Choose the correct answer from the options given below :

(1) (A) and (D) only

(2) (C), (D) and (E) only

(3) (A), (B) and (E) only

(4) (A), (C) and (D) only

**18.** Match **List-I** with **List-II** :

| List-I | List-II |
|---|---|
| (A) Kushanas | (I) Piyadassi |
| (B) Ashoka | (II) Devputra |
| (C) Samudragupta | (III) Court-poet |
| (D) Harisena | (IV) Prayaga Prashasti |

Choose the correct answer from the options given below :

(1) (A) - (II), (B) - (I), (C) - (IV), (D) - (III)

(2) (A) - (I), (B) - (II), (C) - (III), (D) - (IV)

(3) (A) - (IV), (B) - (III), (C) - (II), (D) - (I)

(4) (A) - (III), (B) - (IV), (C) - (I), (D) - (II)

**19.** Name the first site from where the Indus Valley Civilization was discovered.

(1) Harappa

(2) Rakhigarhi

(3) Hulas

(4) Sinauli

**17.** निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं ?

(A) हड़प्पा मुहर हड़प्पा सभ्यता की सबसे विशिष्ट पुरावस्तु (Artifact) थी।

(B) हड़प्पा मुहरों पर बने चित्रों (Motifs) ने उन लोगों को एक अर्थ दिया जो इसे पढ़ने में असमर्थ थे।

(C) हड़प्पा मुहरों पर संस्कृत लिपि थी।

(D) हड़प्पा मुहरों पर पालि और प्राकृत में लिखे लेख थे।

(E) कुछ हड़प्पा मुहरों में दाएँ ओर से ज्यादा जगह छोड़कर लिपि को लिखा गया जबकि बाएँ ओर से यह संकुचित (Cramping) प्रतीत होती है।

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें :

(1) केवल (A) और (D)

(2) केवल (C), (D) और (E)

(3) केवल (A), (B) और (E)

(4) केवल (A), (C) और (D)

**18.** **सूची-I** को **सूची-II** के साथ सुमेलित करें :

| **सूची-I** | **सूची-II** |
|---|---|
| (A) कुषाण | (I) पियदस्सी |
| (B) अशोक | (II) देवपुत्र |
| (C) समुद्रगुप्त | (III) दरबारी-कवि |
| (D) हरिषेण | (IV) प्रयाग प्रशस्ति |

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें :

(1) (A) - (II), (B) - (I), (C) - (IV), (D) - (III)

(2) (A) - (I), (B) - (II), (C) - (III), (D) - (IV)

(3) (A) - (IV), (B) - (III), (C) - (II), (D) - (I)

(4) (A) - (III), (B) - (IV), (C) - (I), (D) - (II)

**19.** सिंधु घाटी सभ्यता की खोज सर्वप्रथम किस पुरास्थल से हुई ?

(1) हड़प्पा

(2) राखीगढ़ी

(3) हुलास

(4) सिनौली

**20.** Match **List-I** with **List-II** :

| List-I | List-II |
|---|---|
| (A) Alexander Greenlaw | (I) Documenting the inscriptions on the temple walls |
| (B) John Marshall | (II) Visits Vijayanagara in 1800 |
| (C) J.F. Fleet | (III) Conservation works of Vijyayanagara began under him |
| (D) Colin Mackenzie | (IV) Detailed photography at Hampi |

Choose the correct answer from the options given below :

(1) (A) - (III), (B) - (IV), (C) - (II), (D) - (I)

(2) (A) - (IV), (B) - (III), (C) - (I), (D) - (II)

(3) (A) - (IV), (B) - (I), (C) - (III), (D) - (II)

(4) (A) - (I), (B) - (IV), (C) - (III), (D) - (II)

**21.** Match **List-I** with **List-II** :

| List-I | List-II |
|---|---|
| (A) Duarte Barbosa | (I) Morocco |
| (B) Marco Polo | (II) Spain |
| (C) Ibn Battuta | (III) Portugal |
| (D) Antonio Monserrate | (IV) Italy |

Choose the correct answer from the options given below :

(1) (A) - (I), (B) - (II), (C) - (IV), (D) - (III)

(2) (A) - (III), (B) - (IV), (C) - (I), (D) - (II)

(3) (A) - (I), (B) - (III), (C) - (IV), (D) - (II)

(4) (A) - (III), (B) - (IV), (C) - (II), (D) - (I)

**20.** **सूची-I** को **सूची-II** के साथ सुमेलित करें :

| **सूची-I** | **सूची-II** |
|---|---|
| (A) अलेक्जेंडर ग्रीनलॉ | (I) मंदिर की दीवारों पर अभिलेखों का दस्तावेज़ीकरण करना |
| (B) जॉन मार्शल | (II) 1800 में विजयनगर की यात्रा की |
| (C) जे.एफ. फ्लीट | (III) विजयनगर के संरक्षण का कार्य उनके अधीन शुरू हुए |
| (D) कॉलिन मैकेंज़ी | (IV) हम्पी की विस्तृत फोटोग्राफी |

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें :

(1) (A) - (III), (B) - (IV), (C) - (II), (D) - (I)

(2) (A) - (IV), (B) - (III), (C) - (I), (D) - (II)

(3) (A) - (IV), (B) - (I), (C) - (III), (D) - (II)

(4) (A) - (I), (B) - (IV), (C) - (III), (D) - (II)

**21.** **सूची-I** को **सूची-II** के साथ सुमेलित करें :

| **सूची-I** | **सूची-II** |
|---|---|
| (A) दुआर्ते बारबोसा | (I) मोरक्को |
| (B) मार्को पोलो | (II) स्पेन |
| (C) इब्न बतूता (Ibn Battuta) | (III) पुर्तगाल |
| (D) एंटोनियो मोनसेरेते | (IV) इटली |

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें :

(1) (A) - (I), (B) - (II), (C) - (IV), (D) - (III)

(2) (A) - (III), (B) - (IV), (C) - (I), (D) - (II)

(3) (A) - (I), (B) - (III), (C) - (IV), (D) - (II)

(4) (A) - (III), (B) - (IV), (C) - (II), (D) - (I)

**22.** Match **List-I** with **List-II** :

| List-I | List-II |
|---|---|
| (A) Pataliputra | (I) Prakrit name of Rajgir, Bihar |
| (B) Rajgaha | (II) Present day Coastal Odisha |
| (C) Kalinga | (III) Present day Patna |
| (D) Arthasastra | (IV) Kautilya |

Choose the correct answer from the options given below :

(1) (A) - (III), (B) - (I), (C) - (II), (D) - (IV)
(2) (A) - (I), (B) - (III), (C) - (II), (D) - (IV)
(3) (A) - (I), (B) - (II), (C) - (IV), (D) - (III)
(4) (A) - (III), (B) - (IV), (C) - (I), (D) - (II)

**23.** Which of the following statements are correct ?

(A) Mahabharata has over 1,00,000 verses.
(B) Mahabharata was written by Valmiki.
(C) V.S. Sukthankar is associated with the critical edition of Mahabharata.
(D) The critical edition of Mahabharata took 47 years to complete.
(E) The critical edition of Mahabharata ran into over 13,000 pages.

Choose the correct answer from the options given below :

(1) (A) and (B) only
(2) (B) and (E) only
(3) (A), (C), (D) and (E) only
(4) (B) and (C) only

**24.** Match **List-I** with **List-II** :

| List-I | List-II |
|---|---|
| (A) Kula | (I) Larger network of kinfolk |
| (B) Jati | (II) Families |
| (C) Vamsha | (III) People |
| (D) Jana | (IV) Lineage |

Choose the correct answer from the options given below :

(1) (A) - (I), (B) - (II), (C) - (III), (D) - (IV)
(2) (A) - (IV), (B) - (III), (C) - (II), (D) - (I)
(3) (A) - (II), (B) - (I), (C) - (IV), (D) - (III)
(4) (A) - (III), (B) - (IV), (C) - (II), (D) - (I)

**22.** **सूची-I** को **सूची-II** के साथ सुमेलित करें :

| **सूची-I** | **सूची-II** |
|---|---|
| (A) पाटलिपुत्र | (I) राजगीर, बिहार का प्राकृत नाम |
| (B) राजगाह | (II) वर्तमान तटीय ओडिशा |
| (C) कलिंग | (III) वर्तमान पटना |
| (D) अर्थशास्त्र | (IV) कौटिल्य |

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें :

(1) (A) - (III), (B) - (I), (C) - (II), (D) - (IV)
(2) (A) - (I), (B) - (III), (C) - (II), (D) - (IV)
(3) (A) - (I), (B) - (II), (C) - (IV), (D) - (III)
(4) (A) - (III), (B) - (IV), (C) - (I), (D) - (II)

**23.** निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं ?

(A) महाभारत में 1,00,000 से अधिक श्लोक हैं।
(B) महाभारत के लेखक वाल्मीकि थे।
(C) वी.एस. सुकथांकर महाभारत के समालोचनात्मक (क्रिटिकल) संस्करण से संबंधित हैं।
(D) महाभारत के समालोचनात्मक संस्करण को पूरा होने में 47 साल लगे।
(E) महाभारत का समालोचनात्मक संस्करण 13,000 से अधिक पृष्ठों का था।

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें :

(1) केवल (A) और (B)
(2) केवल (B) और (E)
(3) केवल (A), (C), (D) और (E)
(4) केवल (B) और (C)

**24.** **सूची-I** को **सूची-II** के साथ सुमेलित करें :

| **सूची-I** | **सूची-II** |
|---|---|
| (A) कुल | (I) रिश्तेदारों के बड़े समूह |
| (B) जाति | (II) परिवार |
| (C) वंश | (III) लोग |
| (D) जन | (IV) वंशावली |

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें :

(1) (A) - (I), (B) - (II), (C) - (III), (D) - (IV)
(2) (A) - (IV), (B) - (III), (C) - (II), (D) - (I)
(3) (A) - (II), (B) - (I), (C) - (IV), (D) - (III)
(4) (A) - (III), (B) - (IV), (C) - (II), (D) - (I)

**25.** Match **List-I** with **List-II** :

| **List-I** | **List-II** |
|---|---|
| (A) Meghe Dhaka Tara | (I) Govind Nihalani |
| (B) Garam Hawa | (II) Habib Tanvir |
| (C) Tamas | (III) Ritvik Ghatak |
| (D) Jis Lahore Nahin Vekhya O Jamya-e-nai | (IV) M.S. Sathyu |

Choose the correct answer from the options given below :

(1) (A) - (IV), (B) - (III), (C) - (II), (D) - (I)

(2) (A) - (III), (B) - (IV), (C) - (I), (D) - (II)

(3) (A) - (I), (B) - (II), (C) - (III), (D) - (IV)

(4) (A) - (II), (B) - (I), (C) - (IV), (D) - (III)

**26.** Who was the first woman to be ordained as bhikkhuni ?

(1) Sigala (2) Karuni Pajapati

(3) Mahapajapati Gotami (4) Punna

**27.** Who amongst the following were the principal deities of the Vedic pantheon ?

(1) Brahma, Vishnu, Shiva (2) Vishnu, Shiva, Indra

(3) Agni, Indra, Soma (4) Agni, Varuna, Indra

**28.** Which of the following statements are ***not*** correct ?

(A) *Vinay Pitaka* does not describe the rules for monks.

(B) Buddhism grew only after the death of Buddha.

(C) *Sutta Pitaka* are the verses composed by bhikkunis.

(D) Punna was a rich land-lady.

(E) The word Chaitya may have been derived from the word chita.

Choose the correct answer from the options given below :

(1) (D) and (E) only (2) (A), (B) and (D) only

(3) (C) and (E) only (4) (B), (D) and (E) only

**25.** **सूची-I** को **सूची-II** के साथ सुमेलित करें :

| **सूची-I** | **सूची-II** |
|---|---|
| (A) मेघे ढाका तारा | (I) गोविंद निहलानी |
| (B) गरम हवा | (II) हबीब तनवीर |
| (C) तमस | (III) रित्विक घटक |
| (D) जिस लाहौर नहीं वेख्या ओ जम्या-ए-नइ | (IV) एम.एस. सथ्यू |

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें :

(1) (A) - (IV), (B) - (III), (C) - (II), (D) - (I)

(2) (A) - (III), (B) - (IV), (C) - (I), (D) - (II)

(3) (A) - (I), (B) - (II), (C) - (III), (D) - (IV)

(4) (A) - (II), (B) - (I), (C) - (IV), (D) - (III)

**26.** निम्नलिखित में से भिक्खुनी के रूप में अभिषिक्त (ऑर्डेन्ड) होने वाली प्रथम महिला कौन थी ?

(1) सिगाला (2) करुनी पजापति

(3) महापजापति गोतमी (4) पुन्ना (Punna)

**27.** निम्नलिखित में से वैदिक देवगण के प्रधान देवता कौन थे ?

(1) ब्रह्मा, विष्णु, शिव (2) विष्णु, शिव, इंद्र

(3) अग्नि, इंद्र, सोम (4) अग्नि, वरुण, इंद्र

**28.** निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही ***नहीं*** हैं ?

(A) भिक्षुओं संबंधी नियमों का वर्णन *विनय पिटक* में नहीं है।

(B) बुद्ध की मृत्यु के बाद ही बौद्ध धर्म का विकास हुआ।

(C) *सुत्त पिटक* भिक्षुणियों द्वारा रचित छंद हैं।

(D) पुन्ना (Punna) एक धनी गृह-स्वामिनी थी।

(E) चैत्य शब्द चित शब्द से लिया गया होगा।

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें :

(1) केवल (D) और (E) (2) केवल (A), (B) और (D)

(3) केवल (C) और (E) (4) केवल (B), (D) और (E)

---

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह**

**29.** Madras, Bombay and Calcutta were the anglicised names of ____________ where the British first set up trading posts.

(1) Cities (2) Villages (3) Towns (4) Capitals

**30.** Which of the following statements are correct ?

(A) Guru Arjan compiled Guru Nanak's hymns in the Adi Granth Sahib.

(B) Guru Tegh Bahadur laid the foundation of the Khalsa Panth.

(C) Guru Nanak composed the Guru Granth Sahib.

(D) Mirabai was a Maratha princess.

(E) Mirabai was a Rajput princess.

Choose the correct answer from the options given below :

(1) (A) and (D) only (2) (C) and (D) only

(3) (B) and (C) only (4) (A) and (E) only

**31.** Which Sufi teacher was also known as the 'Gharib Nawaz' ?

(1) Shaikh Nizamuddin Auliya (2) Khwaja Muinuddin

(3) Amir Khusrau (4) Shaikh Qutbuddin Bakhtiyar Kaki

**32.** Lord Jagannatha is a form of which God ?

(1) Surya (2) Vishnu (3) Shiva (4) Brahma

**33.** Which among the following travellers visited the city of Vijayanagara during the 15th century ?

(A) Domingo Paes

(B) Abdur Razzaq

(C) Afanasii Nikitin

(D) Fernao Nuniz

(E) Nicolo de Conti

Choose the correct answer from the options given below :

(1) (B), (C) and (E) only (2) (C), (D) and (E) only

(3) (A), (B) and (D) only (4) (B), (C) and (D) only

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह**

**29.** मद्रास, बॉम्बे और कलकत्ता उन __________ के अंग्रेजी उच्चारण प्रभावित नाम थे जहाँ अंग्रेजों ने पहली बार व्यापारिक चौकियों की स्थापना की थी।

(1) शहरों (2) गाँवों (3) कस्बों (4) राजधानियों

**30.** निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं ?

(A) गुरु अर्जन ने आदि ग्रंथ साहिब में गुरु नानक के भजनों का संकलन किया।

(B) गुरु तेग बहादुर ने खालसा पंथ की नींव रखी।

(C) गुरु नानक ने गुरु ग्रंथ साहिब की रचना की।

(D) मीराबाई मराठा राजकुमारी थीं।

(E) मीराबाई एक राजपूत राजकुमारी थीं।

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें :

(1) केवल (A) और (D) (2) केवल (C) और (D)

(3) केवल (B) और (C) (4) केवल (A) और (E)

**31.** किस सूफ़ी संत को 'ग़रीब नवाज़' के नाम से भी जाना जाता था ?

(1) शेख निज़ामुद्दीन औलिया (2) ख्वाजा मुइनुद्दीन

(3) अमीर खुसरो (4) शेख कुतुबुद्दीन बख्तियार काकी

**32.** भगवान जगन्नाथ किस भगवान के रूप हैं ?

(1) सूर्य (2) विष्णु (3) शिव (4) ब्रह्मा

**33.** निम्नलिखित में से किस यात्री ने 15वीं शताब्दी के दौरान विजयनगर शहर का दौरा किया था ?

(A) डोमिंगो पेस

(B) अब्दुर रज़्ज़ाक

(C) अफ़ानासी निकितिन

(D) फर्नाओ नूनिज़

(E) निकोलो दे कॉन्टी

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें :

(1) केवल (B), (C) और (E) (2) केवल (C), (D) और (E)

(3) केवल (A), (B) और (D) (4) केवल (B), (C) और (D)

---

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह**

**34.** Match **List-I** with **List-II** :

| List-I | List-II |
|---|---|
| (A) Terracotta models of plough | (I) Kalibangan |
| (B) Ploughed field | (II) Shortughai |
| (C) Traces of canals | (III) Dholavira |
| (D) Water reservoirs | (IV) Cholistan |

Choose the correct answer from the options given below :

(1) (A) - (IV), (B) - (I), (C) - (II), (D) - (III)

(2) (A) - (I), (B) - (II), (C) - (IV), (D) - (III)

(3) (A) - (I), (B) - (II), (C) - (III), (D) - (IV)

(4) (A) - (IV), (B) - (III), (C) - (II), (D) - (I)

**35.** Who, amongst the following, founded the Vijayanagara Empire ?

(1) Krishnadeva Raya (2) Harihara and Bukka

(3) Raja Raya (4) Rajendra II

**36.** Match **List-I** with **List-II** :

| List-I | List-II |
|---|---|
| (A) Shell | (I) Shortughai |
| (B) Lapis-Lazuli | (II) Nageshwar |
| (C) Carnelian | (III) South Rajasthan |
| (D) Steatite | (IV) Lothal |

Choose the correct answer from the options given below :

(1) (A) - (III), (B) - (IV), (C) - (I), (D) - (II)

(2) (A) - (II), (B) - (I), (C) - (IV), (D) - (III)

(3) (A) - (I), (B) - (II), (C) - (III), (D) - (IV)

(4) (A ) - (IV), (B) - (III), (C) - (II), (D) - (I)

**34.** **सूची-I** को **सूची-II** के साथ सुमेलित करें :

| **सूची-I** | **सूची-II** |
|---|---|
| (A) मिट्टी के बने हल के प्रतिरूप | (I) कालीबंगन |
| (B) जुता हुआ खेत | (II) शोर्तुघई |
| (C) नहरों के अवशेष | (III) धोलावीरा |
| (D) जलाशय | (IV) चोलिस्तान |

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें :

(1) (A) - (IV), (B) - (I), (C) - (II), (D) - (III)

(2) (A) - (I), (B) - (II), (C) - (IV), (D) - (III)

(3) (A) - (I), (B) - (II), (C) - (III), (D) - (IV)

(4) (A) - (IV), (B) - (III), (C) - (II), (D) - (I)

**35.** निम्नलिखित में से किसने विजयनगर साम्राज्य की स्थापना की ?

(1) कृष्णदेव राय (2) हरिहर और बुक्का

(3) राजा राय (4) राजेन्द्र द्वितीय

**36.** **सूची-I** को **सूची-II** के साथ सुमेलित करें :

| **सूची-I** | **सूची-II** |
|---|---|
| (A) शेल | (I) शोर्तुघई |
| (B) लाजवर्द (लैपिस-लज़ुली) | (II) नागेश्वर |
| (C) कार्नेलियन | (III) दक्षिण राजस्थान |
| (D) सेलखड़ी (स्टेटाइट) | (IV) लोथल |

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें :

(1) (A) - (III), (B) - (IV), (C) - (I), (D) - (II)

(2) (A) - (II), (B) - (I), (C) - (IV), (D) - (III)

(3) (A) - (I), (B) - (II), (C) - (III), (D) - (IV)

(4) (A ) - (IV), (B) - (III), (C) - (II), (D) - (I)

---

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह**

**37.** Match **List-I** with **List-II** :

| List-I | List-II |
|---|---|
| (A) Mahals | (I) Territorial unit |
| (B) Pahariyas and Santhals | (II) Permanent Settlement |
| (C) 1793 | (III) Rajmahal hills |
| (D) Taluq | (IV) Estates |

Choose the correct answer from the options given below :

(1) (A) - (I), (B) - (II), (C) - (III), (D) - (IV)
(2) (A) - (IV), (B) - (III), (C) - (II), (D) - (I)
(3) (A) - (IV), (B) - (III), (C) - (I), (D) - (II)
(4) (A) - (II), (B) - (I), (C) - (IV), (D) - (III)

**38.** Which of the following statements are correct ?

(A) Moneylenders were called 'dikus'.
(B) Zamindars hired the Santhals to reclaim land.
(C) Santhals were merchants.
(D) Land of the Santhals was demarcated as 'Damin-i-koh'.
(E) Santhals charged heavy land revenue from dikus moneylenders.

Choose the correct answer from the options given below :

(1) (A), (B) and (C) only
(2) (C) and (E) only
(3) (A), (B) and (D) only
(4) (C) and (D) only

**39.** Which of the following statements are true about the zamindars ?

(A) Milkiyat lands were cultivated for the general use of the people.
(B) Zamindars could sell, bequeath or mortgage the milkiyat lands.
(C) Zamindars collected revenue on behalf of themselves.
(D) Most Zamindars had fortresses as well as armed contingent.
(E) Control over military resources was another source of power for the Zamindars.

Choose the correct answer from the options given below :

(1) (A), (D) and (E) only
(2) (C), (D) and (E) only
(3) (A), (B) and (C) only
(4) (B), (D) and (E) only

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह

**37.** **सूची-I** को **सूची-II** के साथ सुमेलित करें :

| **सूची-I** | **सूची-II** |
|---|---|
| (A) महल | (I) प्रादेशिक इकाई |
| (B) पहाड़िया और संथाल | (II) स्थायी बंदोबस्त/इस्तमरारी बंदोबस्त |
| (C) 1793 | (III) राजमहल पहाड़ियाँ |
| (D) तालुक | (IV) जागीर (एस्टेट) |

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें :

(1) (A) - (I), (B) - (II), (C) - (III), (D) - (IV)
(2) (A) - (IV), (B) - (III), (C) - (II), (D) - (I)
(3) (A) - (IV), (B) - (III), (C) - (I), (D) - (II)
(4) (A) - (II), (B) - (I), (C) - (IV), (D) - (III)

**38.** निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं ?

(A) महाजनों (Moneylenders) को 'दिकू' कहा जाता था।
(B) जमींदारों ने भूमि को पुनः प्राप्त करने के लिए संथालों को काम पर रखा।
(C) संथाल व्यापारी थे।
(D) संथालों की भूमि को 'दामिन-ए-कोह' के रूप में जाना गया।
(E) संथालों ने दिकू महाजनों (Moneylenders) से भारी मात्रा में भू-राजस्व लिया।

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें :

(1) केवल (A), (B) और (C)
(2) केवल (C) और (E)
(3) केवल (A), (B) और (D)
(4) केवल (C) और (D)

**39.** जमींदारों के बारे में निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं ?

(A) लोगों के सामान्य उपयोग के लिए मिल्कियत भूमि की खेती की जाती थी।
(B) जमींदार मिल्कियत की भूमि को बेच सकते थे, वसीयत कर सकते थे या गिरवी रख सकते थे।
(C) जमींदार अपनी ओर से राजस्व एकत्र करते थे।
(D) अधिकांश जमींदारों के पास सशस्त्र सैन्य-दल के साथ-साथ किले (फोर्ट्रेस) भी थे।
(E) सैन्य संसाधनों पर नियंत्रण जमींदारों के लिए शक्ति का एक और स्रोत था।

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें :

(1) केवल (A), (D) और (E)
(2) केवल (C), (D) और (E)
(3) केवल (A), (B) और (C)
(4) केवल (B), (D) और (E)

**40.** Kauravas and Pandavas belonged to which ruling family ?

(1) Kuru (2) Panchal (3) Magadha (4) Vatsa

**41.** Which report reproduced zamindars' and ryots' petitions as appendices for consideration of the British Parliament ?

(1) The First Report (2) The Seventh Report

(3) The Sixth Report (4) The Fifth Report

**42.** The rebel leaders issued Proclamations and few _________ to propagate their ideas during the 1857 revolt. Fill in the blank with the correct answer from the options given below :

(1) Cartridges (2) Ishtahars

(3) Sepoys (4) Taluqdars

**43.** In 1857 "the life has gone out of the body" was said in reference to which state ?

(1) Jhansi (2) Awadh

(3) Kanpur (4) Delhi

**44.** Which of the following statements are correct ?

(A) Bell of arms was a store room in which weapons were kept.

(B) The army of Awadh supported the British.

(C) Firangi is a term of Persian origin applied to the British by the rebels.

(D) The $7^{th}$ Awadh Irregular Cavalry accepted the new cartridges in early May.

(E) Local leaders emerged, urging peasants, zamindars and tribals to revolt.

Choose the correct answer from the options given below :

(1) (A), (B) and (C) only

(2) (B) and (D) only

(3) (A), (C) and (E) only

(4) (D) and (E) only

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह

**40.** कौरव और पांडव किस शासक परिवार से संबंधित थे ?

(1) कुरु (2) पांचाल (3) मगध (4) वत्स

**41.** किस रिपोर्ट में जमींदारों और रैयतों की याचिकाओं को ब्रिटिश संसद के विचार के लिए परिशिष्ट (appendices) के रूप में पुनः प्रस्तुत किया गया ?

(1) प्रथम रिपोर्ट (2) सातवीं रिपोर्ट

(3) छठी रिपोर्ट (4) पाँचवीं रिपोर्ट

**42.** विद्रोही नेताओं ने 1857 के विद्रोह के दौरान अपने विचारों का प्रचार करने के लिए घोषणाएँ और कुछ __________ जारी किए। खाली स्थान को नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर से भरें :

(1) कारतूस (Cartridges) (2) इश्तहार

(3) सिपाही (4) तालुकदार

**43.** 1857 में किस राज्य के संदर्भ में कहा गया था "देह से जान जा चुकी थी" ?

(1) झाँसी (2) अवध

(3) कानपुर (4) दिल्ली

**44.** निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं ?

(A) बेल ऑफ आर्म्स एक भंडार कक्ष था जिसमें हथियार रखे जाते थे।

(B) अवध की सेना ने अंग्रेजों का समर्थन किया।

(C) फिरंगी फारसी (Persian) मूल का एक शब्द है जो विद्रोहियों द्वारा अंग्रेजों के लिए प्रयोग किया गया।

(D) 7वीं अवध अनियमित घुड़सवार सेना ने मई की शुरुआत में नए कारतूस स्वीकार कर लिए।

(E) स्थानीय नेता किसानों, जमींदारों और आदिवासियों से विद्रोह करने का आग्रह करते हुए उभरे।

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें :

(1) केवल (A), (B) और (C)

(2) केवल (B) और (D)

(3) केवल (A), (C) और (E)

(4) केवल (D) और (E)

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह**

**45.** Match **List-I** with **List-II** :

| **List-I** | **List-II** |
|---|---|
| (A) Nana Sahib | (I) Awadh |
| (B) Rani Lakshmi Bai | (II) Arrah |
| (C) Kunwar Singh | (III) Kanpur |
| (D) Birjis Qadr | (IV) Jhansi |

Choose the correct answer from the options given below :

(1) (A) - (I), (B) - (II), (C) - (III), (D) - (IV)

(2) (A) - (I), (B) - (II), (C) - (IV), (D) - (III)

(3) (A) - (III), (B) - (IV), (C) - (II), (D) - (I)

(4) (A) - (II), (B) - (I), (C) - (III), (D) - (IV)

**46.** Who was the leader of the Santhal Revolt of 1855-56 ?

(1) Birsa Munda (2) Gonoo (3) Sidhu Manjhi (4) Shah Mal

**47.** Who fought in the famous Battle of Chinhat in which the British forces under Henry Lawrence were defeated ?

(1) Shah Mal (2) Maulvi Ahmadullah Shah

(3) Birjis Qadr (4) Kunwar Singh

**48.** Who was the Commissioner of Lucknow when the rebels besieged it during the Revolt of 1857 ?

(1) Colin Campbell (2) Henry Lawrence

(3) James Outram (4) Henry Havelock

**49.** The Sunset Law was associated with

(1) Zamindari System/Permanent Settlement (2) British Navy

(3) Imperial Court (4) Freedom Movement

**50.** During his 'Salt March' Gandhiji began walking towards the ocean from his ashram, located at ___________.

Fill in the blank with the correct answer from the options given below :

(1) Ahmedabad (2) Sabarmati (3) Wardha (4) Kochrab

**45.** **सूची-I** को **सूची-II** के साथ सुमेलित करें :

| **सूची-I** | **सूची-II** |
|---|---|
| (A) नाना साहिब | (I) अवध |
| (B) रानी लक्ष्मी बाई | (II) आरा |
| (C) कुँवर सिंह | (III) कानपुर |
| (D) बिरजिस क़द्र | (IV) झाँसी |

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें :

(1) (A) - (I), (B) - (II), (C) - (III), (D) - (IV)

(2) (A) - (I), (B) - (II), (C) - (IV), (D) - (III)

(3) (A) - (III), (B) - (IV), (C) - (II), (D) - (I)

(4) (A) - (II), (B) - (I), (C) - (III), (D) - (IV)

**46.** 1855-56 के संथाल विद्रोह का नेता कौन था ?

(1) बिरसा मुंडा (2) गोनू (3) सिद्धू मांझी (4) शाह मल

**47.** चिनहट की प्रसिद्ध लड़ाई में कौन लड़ा था जिसमें हेनरी लॉरेंस के नेतृत्व में ब्रिटिश सेनाएँ हार गई थीं ?

(1) शाह मल (2) मौलवी अहमदुल्ला शाह

(3) बिरजिस क़द्र (4) कुँवर सिंह

**48.** 1857 के विद्रोह के दौरान, जब विद्रोहियों ने लखनऊ को घेर लिया था, लखनऊ का कमिश्नर कौन था ?

(1) कॉलिन कैम्पबेल (2) हेनरी लॉरेंस

(3) जेम्स आउट्रम (4) हेनरी हैवलॉक

**49.** सूर्यास्त का कानून संबंधित था :

(1) जमींदारी प्रणाली/इस्तमरारी बंदोबस्त से (2) ब्रिटिश नौसेना से

(3) शाही अदालत से (4) स्वतंत्रता आंदोलन से

**50.** अपने 'नमक मार्च' के दौरान गाँधीजी ने ____________ में स्थित अपने आश्रम से समुद्र की ओर चलना शुरू किया। खाली स्थान को नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर से भरें :

(1) अहमदाबाद (2) साबरमती (3) वर्धा (4) कोचरब

---

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह**

## SPACE FOR ROUGH WORK
## रफ़ कार्य के लिए जगह

## SPACE FOR ROUGH WORK
## रफ़ कार्य के लिए जगह

***Read carefully the following instructions :***

8. No candidate will be allowed to leave the OMR Answer Sheet blank. If any OMR Answer Sheet is found blank, it shall be crossed by the Invigilator with his/her signature, mentioning "Cancelled" on it.

9. Do not tear or fold any page of the Test Booklet and OMR Answer Sheet.

10. Candidates are advised to ensure that they fill the correct particulars on the OMR Answer Sheet, i.e., Application No., Roll No., Test Booklet No., Name, Mother's Name, Father's Name and Signature.

11. In case of any discrepancy in any question between English and Hindi/Regional language version, the English version will be considered as the final version for evaluation.

12. Rough work is to be done in the space provided for this purpose in the Test Booklet only.

13. The answers will be evaluated through electronic scanning process. Incomplete or incorrect entries may render the OMR Answer Sheet invalid.

14. Candidates are advised not to fold or make any stray marks on the OMR Answer Sheet. Use of Eraser, Nail, Blade, White Fluid/Whitener, etc., to smudge, scratch or damage in any manner the OMR Answer Sheet during examination is strictly prohibited. Candidature and OMR Answer Sheet of candidates using Eraser, Nail, Blade or White Fluid/Whitener to smudge, scratch or damage in any manner shall be cancelled.

15. There will be one copy of OMR Answer Sheet i.e., the Original Copy. After the examination is over, the candidate shall hand over the OMR Answer Sheet to the Invigilator. The candidate can take away the Test Booklet after the examination is over. If the candidate does not hand over the OMR Answer Sheet to the Invigilator and goes away with the OMR Answer Sheet, his/her candidature shall be cancelled and criminal proceedings shall also be initiated against him/her.

16. Candidates are advised strictly not to carry handkerchief, any mobile phone, any type of watch, belt or wear ornaments like ring, chain, ear-ring, etc., electronic or communication device, pen, pencil, eraser, sharpener and correction fluid to the Examination Centre. If any candidate is found possessing any such item, he/she will not be allowed to enter the examination centre. Possession of a mobile phone or any other aiding material as mentioned above by the candidate in the examination room will be treated as a serious violation and it may lead to cancellation of the candidature and debarring him/her from future examinations.

17. If a candidate violates any instructions or shows any indiscipline or misbehaviour, appropriate action will be taken including cancellation of candidature and debarring from future examinations.

18. Use of electronic/manual calculator is **not** allowed.

***निम्नलिखित निर्देशों को ध्यान से पढ़ें :***

8. किसी भी परीक्षार्थी को ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक रिक्त छोड़ने की अनुमति नहीं है । यदि कोई ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक रिक्त पाया जाता है, तो निरीक्षक उस ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक को क्रॉस कर उस पर "रद्द" लिख कर अपने हस्ताक्षर कर देगा/देगी ।

9. परीक्षण पुस्तिका और ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक के किसी भी पृष्ठ को न तो फाड़ें और न ही मोड़ें ।

10. परीक्षार्थियों को सलाह दी जाती है कि वे यह सुनिश्चित करें कि उन्होंने ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक पर बिलकुल सही-सही विवरण, अर्थात् आवेदन संख्या, अनुक्रमांक, परीक्षण पुस्तिका संख्या, नाम, माता का नाम, पिता का नाम और हस्ताक्षर भली-भांति भरा है ।

11. यदि किसी प्रश्न में, उसके अंग्रेज़ी संस्करण और उसके हिन्दी/क्षेत्रीय भाषा के भाषांतर में कोई विसंगति/अंतर है, तो ऐसी स्थिति में उस प्रश्न के अंग्रेज़ी संस्करण को ही अंतिम मानते हुए मूल्यांकन किया जाएगा ।

12. रफ कार्य परीक्षण पुस्तिका में ही, इसके लिए दिए गए निर्धारित स्थान में किया जाना है ।

13. उत्तरों का मूल्यांकन इलेक्ट्रॉनिक स्कैनिंग प्रक्रिया के माध्यम से किया जाएगा । अपूर्ण या ग़लत प्रविष्टियाँ ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक को अमान्य कर सकती हैं ।

14. परीक्षार्थियों को सलाह दी जाती है कि वे ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक न मोड़ें, और न ही उस पर कोई अवांछित चिह्न बनाएँ । परीक्षा के दौरान ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक पर इरेज़र, नाखून, ब्लेड, व्हाइट फ्लुइड/व्हाइटनर आदि का प्रयोग करना, जिससे ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक पर किसी तरह का धब्बा, खरोंच, या कोई क्षति होती हो, सख़्त वर्जित है । इरेज़र, नाखून, ब्लेड या व्हाइट फ्लुइड/व्हाइटनर आदि का इस्तेमाल कर ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक पर किसी तरह का धब्बा, खरोंच, या कोई क्षति पहुँचाने वाले परीक्षार्थियों की अभ्यर्थिता (कैंडीडेचर) और उनके ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक को रद्द कर दिया जाएगा ।

15. ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक की एक प्रति, अर्थात् मूल प्रति ही होगी । परीक्षा समाप्त हो जाने पर परीक्षार्थी ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक निरीक्षक को सौंप देंगे । परीक्षा समाप्ति के बाद परीक्षार्थी परीक्षण पुस्तिका अपने साथ ले जा सकते हैं । यदि परीक्षार्थी ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक निरीक्षक को नहीं सौंपता है और ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक भी अपने साथ ले कर चला जाता है, तो उसकी अभ्यर्थिता रद्द कर दी जाएगी और उसके विरुद्ध आपराधिक कार्यवाही भी शुरू कर दी जाएगी ।

16. परीक्षार्थियों को सलाह दी जाती है कि परीक्षा केन्द्र में अपने साथ रूमाल, कोई मोबाइल फ़ोन, किसी भी प्रकार की घड़ी, बेल्ट या शरीर पर धारण की हुई अंगूठी, चेन, कोई कर्ण-आभूषण आदि, इलेक्ट्रॉनिक या संचार उपकरण, पेन, पेंसिल, इरेज़र, शार्पनर और करेक्शन फ्लुइड बिलकुल न लेकर जाएँ । यदि किसी भी परीक्षार्थी के पास ऐसी कोई भी वस्तु पाई जाती है, तो उसे परीक्षा केन्द्र में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी । परीक्षा कक्ष में परीक्षार्थी के पास उपर्युक्त मोबाइल फ़ोन या ऐसी कोई सहायक वस्तु मिलने पर इसे गंभीर उल्लंघन माना जाएगा, जिससे उस परीक्षार्थी की अभ्यर्थिता रद्द करने के साथ-साथ उसे भावी परीक्षाओं से विवर्जित किया जा सकता है ।

17. यदि परीक्षार्थी अनुदेशों का पालन नहीं करता है, या किसी प्रकार का कदाचार या अनुशासन-हीनता प्रदर्शित करता है, तो उपयुक्त कार्रवाई, जिसमें अभ्यर्थिता का निरसन और भावी परीक्षाओं से विवर्जित करना शामिल है, की जाएगी ।

18. इलेक्ट्रॉनिक/मैनुअल कैल्कुलेटर के प्रयोग की अनुमति **नहीं** है ।